इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in** से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 39] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 27 सितम्बर 2013—आश्विन 5, शक 1935

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-885-आयएएस-लीव-5-एक.—श्री तरुण राठी, भाप्रसे (2010) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट को दिनांक 11 से 19 जुलाई 2013 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाशकाल में श्री तरुण राठी, भाप्रसे (2010) को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(3) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री तरुण राठी, भाप्रसे (2010) अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. ई-5-747-आयएएस-लीव-5-एक.—श्रीमती वीणा घाणेकर, आयएएस, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम तथा पदेन सचिव, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 11 सितम्बर से 15 अक्टूबर 2013 तक, पैंतीस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 16 अक्टूबर 2013 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती वीणा घाणेकर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम तथा पदेन सचिव, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती वीणा घाणेकर को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती वीणा घाणेकर अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करतीं रहतीं.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

गृह विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 सितम्बर 2013

क्र. एफ-1(ए)59-03-ब-2-दो.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 26 जुलाई 2013 द्वारा श्री विजय सूर्यवंशी, भापुसे, उप पुलिस महानिरीक्षक, छतरपुर रेंज छतरपुर को दिनांक 22 से 27 जुलाई 2013 तक, छः दिवस का अर्जित अवकाश, 20, 21 एवं 28 जुलाई 2013 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया गया था.

(2) उपरोक्तानुसार स्वीकृत अर्जित अवकाश का उपभोग श्री विजय सूर्यवंशी, भापुसे, द्वारा न किये जाने के कारण राज्य शासन द्वारा उपर्युक्त आदेश निरस्त किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 12 सितम्बर 2013

क्र. एफ 10-28-2010-तेईस-योआसां.—राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश जिला योजना समिति अधिनियम, 1995 की धारा 4 की उपधारा (3) (ग) तथा संशोधित अध्यादेश की धारा 4 (1) में प्रदत्त अधिकारों के तहत् नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट अशासकीय सदस्यों को कॉलम (3) में विनिर्दिष्ट जिले की जिला योजना समिति में तत्काल प्रभाव से आगामी दो वर्ष की कालावधि के लिए नाम निर्दिष्ट किया जाता है:—

क्र. (1)	अशासकीय सदस्य का नाम (2)	जिला योजना समिति (3)
1	श्री सतानन्द गौतम	पन्ना

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. के. सिद्धार्थ, उपसचिव.

महिला एवं बाल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 17 सितम्बर 2013

क्र. 2133-6-15-पच्चास-2.—किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2000 (2000 का सं. 56) की धारा 4 की उपधारा (1) तथा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा नीचे दी गई अनुसूची के कॉलम (2) में यथाविनिर्दिष्ट किशोर न्याय बोर्ड में कॉलम (3) में यथाविनिर्दिष्ट जिले के लिये उक्त अधिनियम के अधीन ऐसे बोर्ड को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने तथा कर्त्तव्यों का निर्वहन करने के प्रयोजनों के लिए कॉलम (4) में यथाविनिर्दिष्ट न्यायिक अधिकारी को प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में पदांकित करता है, अर्थात्:—

अनुसूची

क्र. (1)	किशोर न्याय बोर्ड और उसका मुख्यालय (2)	जिलों के नाम (3)	प्रधान मजिस्ट्रेट के नाम एवं पदनाम (4)
1	सिंगरौली	सिंगरौली	श्री के. डी. महार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सिंगरौली.
2	रीवा	रीवा	श्री विवेक पटेल, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, रीवा.
3	देवास	देवास	श्री सचिन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, देवास.
4	शाजापुर	शाजापुर	श्रीमती मनीषा बसेर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, शाजापुर.
5	रतलाम	रतलाम	श्री सुरेश चंद्र पाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रतलाम.

No. 2133-6-15-50-2.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 4 of the Juvenile Justice (Care & Protection of Children) Act, 2000 (No. 56 of 2000) the State Government hereby designates Judicial Officers as specified in column No.(4) as the Principal Magistrate in the following Juvenile Justice Boards as specified in the column (2) of

the schedule below for the Districts as specified in column (3) thereof for the purpose of exercising of the powers and discharging the duties conferred on such Boards under the said Act, namely:—

SCHEDULE

S. No.	Name of the Juvenile Justice Board & its Head Quarter	Name of the Disctricts	Name of the Principal Magistrate & Designation
(1)	(2)	(3)	(4)
1	Singrauli (Waidhan)	Singrauli (Waidhan)	Shri K. D. Mahar, Chief Judicial Magistrate, Singrauli.
2	Rewa	Rewa	Shri Vivek Patel, Judicial Magistrate, First Class, Rewa.
3	Dewas	Dewas	Shri Sachindra Shrivastava, Chief Judicial Magistrate, Dewas.
4	Shajapur	Shajapur	Smt. Manisha Baser, Chief Judicial Magistrate, Shajapur.
5	Ratlam	Ratlam	Shri Suresh Chandra Pal, Chief Judicial Magistrate, Ratlam.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. नायडू, प्रमुख सचिव.

विधि और विधायी कार्य विभाग

भोपाल, दिनांक 17 सितम्बर 2013

फा. क्र. 1(सी)-21-2013-एट्रोसिटी-इक्कीस-ब(दो)-2013.—राज्य शासन, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 14 के अनुसार विनिर्दिष्ट विशेष न्यायालय के लिये अधिनियम की धारा 15 के अंतर्गत श्री राजीव सिंह ठाकुर, अधिवक्ता को जिला दमोह में विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करता है.

उक्त नियुक्ति उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से तीन वर्ष के लिये होगी. यह नियुक्ति बिना कोई कारण बताये समाप्त की जा सकती है. किसी भी स्थिति में 62 वर्ष की आयु के पश्चात् वे उक्त पद पर कार्य करने हेतु अर्ह नहीं होंगे.

नियुक्त अभिभाषक को शुल्क आदि विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश क्रमांक 1(सी)एट्रोसिटी-21-ब(दो), दिनांक 24 अप्रैल, 2008 के अनुरूप देय होंगे.

इस संबंध में होने वाला व्यय मांग संख्या 64-मुख्य शीर्ष-2225-(5171) विशेष न्यायालयों की स्थापना-31-व्यावसायिक सेवाओं हेतु अदायगियां-003-अभिभाषकों को फीस के अंतर्गत विकलनीय होगा.

देयक का भुगतान उक्त शीर्ष से संबंधित जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा किया जायेगा.

भोपाल, दिनांक 18 सितम्बर 2013

फा. क्र. 4-ए-2002-इक्कीस-ब(एक).—राज्य शासन, उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1984 (1984 का सं. 66) की धारा 4 के अधीन मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 (3) के अंतर्गत उच्च न्यायिक सेवा के सदस्य श्रीमती कनकलता सोनकर, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कटनी को श्री पी. एस. कुशवाह, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, शहडोल के स्थान पर तथा श्री अनुपम श्रीवास्तव, चतुर्थ अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, इन्दौर को श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, टीकमगढ़ के स्थान पर आगामी आदेश होने अथवा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने (जो भी पहले हो) तक नियुक्त करता है.

उच्च न्यायिक अधिकारियों को देय वेतन तथा भत्ते का निर्धारण मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय नियम, 2002 के नियम 3 (3) के अंतर्गत होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जे. एम. चतुर्वेदी, सचिव.

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 19 सितम्बर 2013

क्र. डी-15-08-2009-चौदह-3.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24 सन् 1973) की धारा 69 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक डी-15-08-2009-चौदह-3, दिनांक 2 मार्च, 2009 में, एतद्द्वारा उक्त अधिसूचना में संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना की "शर्त क्रमांक (8)" के स्थान पर संशोधित कर प्रतिस्थापित किया जावे, अर्थात्:—

"शर्त क्रमांक (8)-अधिनियम की धारा 69 की उपधारा (2) के

अध्यधीन रहते हुए मण्डी क्षेत्र में स्थापित की गई रोलर फ्लोर मिल को पहली बार कच्चे माल क्रय करने के दिनांक से या इकाई के वाणिज्यिक उत्पादन प्रारम्भ किये जाने की दिनांक से, जो भी पहले हो, निर्धारित अधिकतम 3 वर्ष तक की कालावधि के लिये शर्त क्रमांक (9) में यथा उल्लेखित उनमें जो भी पूर्वतर हो, मण्डी फीस के भुगतान से छूट प्राप्त होगी."

यह अधिसूचना मूल अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक 2 मार्च 2009 से प्रभावशील होगी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. त्रिपाठी, उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 19 सितम्बर 2013

क्र. डी-15-08-2009-चौदह-3.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना, दिनांक 19 सितम्बर 2013 का अंग्रेजी अनुवाद, राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. के. त्रिपाठी, उपसचिव.

Bhopal, the 19th September 2013

No. D-15-08-2009-XIV-3.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and (2) of Section 69 of the Madhya Pradesh Krishi Upaj Mandi Adhiniyam, 1972 (No. 24 of 1973), State Government, as provided this department's notification No. D-15-08-2009-XIV-3 dated 2nd March 2009, hereby makes the following amendment in this Department's said notification, namely:—

In the said notification "Condition Number-(8) are rescinded and shall be substituted by the following, that is;

"**Condition Number-(8)**-Subject to sub-section (2) of Section 69 of the Act, the roller flour mills established in market area shall be entitled for exemption from market fee from the date of first purchase of raw material and or date of commencing of commercial production, which ever is earlier, for a stipulated period of three years subject to the capping as per conditions of clause number 09 here in below."

This notification shall come into force w.e.f. 02 March, 2009 i.e. the date of its publication of the main notification in the state gazette.

By order and in the name of the Governor of
Madhya Pradesh,
R. K. TRIPATHI, Dy. Secy.

विभाग प्रमुखों के आदेश

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
"निर्वाचन भवन"
58, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश 462 011

आदेश

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-54-10-तीन-1014.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पालिका परिषद् नीमच, जिला नीमच** के आम निर्वाचन में **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा,** अध्यक्ष पद की अभ्यर्थी थीं. इस नगरपालिका के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् दिनांक 14 जनवरी 2010 तक, **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** को निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, नीमच के

पास दाखिल करना था, किन्तु जिला निर्वाचन अधिकारी, नीमच के पत्र दिनांक 22 जनवरी 2010 द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** द्वारा विहित समय में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत नहीं करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 फरवरी 2010 को जारी किया गया. कारण बताओ सूचना पत्र में सुश्री जयश्री विनोद शर्मा से सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर उत्तर (लिखित अभ्यावेदन) चाहा गया था. सूचना पत्र में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अन्दर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

अभ्यर्थी **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** को कारण बताओ सूचना पत्र दिनांक 10 मार्च 2010 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 25 मार्च 2010 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. अभ्यर्थी **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** ने सूचना पत्र के जवाब में अपना अभ्यावेदन आयोग को प्रस्तुत किया. आयोग के पत्र दिनांक 6 अप्रैल 2010 द्वारा उक्त अभ्यावेदन में उल्लेखित तथ्यों की स्वीकार्यता/विश्वसनीयता के संबंध में कलेक्टर नीमच से उनका अभिमत चाहा गया. संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी जिला नीमच से प्राप्त प्रतिवेदन दिनांक 5 जुलाई 2013 में प्रतिवेदित किया है कि—"**श्रीमती जयश्री विनोद शर्मा** द्वारा प्रस्तुत जवाब में व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं करने का कारण उनके जेठ श्री विष्णुकुमार जी के पुत्र श्री आशीष कुमार के विवाह कार्यक्रम की तैयारियां एवं उसी दौरान स्वास्थ्य खराब होना बताया गया. किन्तु प्रार्थीया द्वारा विवाह के संबंध में कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किये हैं. इस प्रकार प्रार्थीया के अस्वस्थ होने के संबंध में भी कोई चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये हैं. इस उपरान्त भी प्रार्थीया को तीन बार व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र जारी किये गये. किन्तु प्रार्थीया **श्रीमती जयश्री विनोद शर्मा** द्वारा प्रतिवेदन दिनांक 5 जुलाई 2013 तक व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया है." कार्यालय कलेक्टर द्वारा श्रीमती जयश्री विनोद शर्मा के विरुद्ध मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32(ग) के तहत् कार्यवाही किये जाने संबंधी अपना अभिमत प्रेषित किया गया.

आयोग द्वारा विचारोपरान्त दिनांक 13 अगस्त 2013 को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु आयोग कार्यालय में बुलाया गया, किन्तु अभ्यर्थी **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** कार्यालय में उपस्थित नहीं हुई जबकि अभ्यर्थी **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** को व्यक्तिगत सुनवाई हेतु जारी सूचना पत्र की तामीली विहित समयावधि में दिनांक 8 अगस्त 2013 को कराई जा चुकी थी.

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया. अतः आयोग को यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत नहीं करने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **सुश्री जयश्री विनोद शर्मा** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगरपालिका परिषद्, नीमच, जिला नीमच** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच) वर्ष की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

आदेश

भोपाल, दिनांक 16 सितम्बर 2013

क्र. एफ. 67-192-10-तीन-1016.—मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-क के अनुसार अध्यक्ष के निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन संबंधी उस समस्त व्यय का, जो उसने स्वयं या उसके निर्वाचन अभिकर्ता ने नामनिर्दिष्ट होने की तारीख से निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की तारीख की अवधि के बीच उपगत किया हो या उपगत करने के लिये प्राधिकृत किया हो, पृथक् और सही लेखा रखेगा या अपने निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा रखवाएगा. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ख के अनुसार अध्यक्ष का निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी के लिये यह अनिवार्य है कि वह निर्वाचन की तारीख से 30 दिन के अन्दर अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अधिकारी के पास दाखिल करेगा.

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी "निर्वाचन व्यय (लेखा संधारण और प्रस्तुति) आदेश, 1997" "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)", दिनांक 6 जून 1997 में प्रकाशित हुआ है. उसमें यह निर्दिष्ट किया गया है कि निर्वाचन व्ययों का लेखा विहित अवधि में तथा विनिर्दिष्ट प्रोफार्मा में जिला निर्वाचन अधिकारी के पास दाखिल किया जाएगा.

माह दिसम्बर 2009 में सम्पन्न हुए **नगर पंचायत, देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना** के आम निर्वाचन में **श्री अशोक कुमार अग्रवाल,** अध्यक्ष पद के अभ्यर्थी थे. **नगर पंचायत, देवेन्द्रनगर,**

जिला पन्ना के निर्वाचन का परिणाम दिनांक 15 दिसम्बर 2009 को घोषित हुआ. मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32ख के अनुसार निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख से 30 दिन के अन्दर अर्थात् 14 जनवरी 2010 तक इन्हें अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पास दाखिल किया जाना था, किन्तु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र क्र. 701/स्था.निर्वा./10 दिनांक 21 अप्रैल, 2010 के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार **श्री अशोक कुमार अग्रवाल** द्वारा विहित समयावधि में निर्वाचन व्ययों का लेखा दाखिल नहीं किया गया.

विहित समयावधि में निर्वाचन व्यय का लेखा प्रस्तुत करने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर **श्री अशोक कुमार अग्रवाल** को कारण बताओ नोटिस दिनांक 12 मई 2010 को जारी किया गया. उप जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना ने उनके पत्र दिनांक 30 सितम्बर 2011 में कारण बताओ नोटिस उपलब्ध नहीं होने के कारण नोटिसों की द्वितीय प्रतियां भेजने का अनुरोध किया. अतः आयोग द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर 2011 को पुनः कारण बताओ नोटिस जारी किया गया. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, पन्ना के पत्र दिनांक 10 नवम्बर 2011 के संलग्न प्राप्त कारण बताओ सूचना पत्र में अंकित किया गया कि "अशोक कुमार ग्राम देवेन्द्रनगर में नहीं रहते है. पता नहीं बाहर रहने लगे हैं. कोई पता नहीं है". अतः आयोग ने कलेक्टर पन्ना को निर्देशित किया कि वे अभ्यर्थी को जारी कारण बताओं सूचना का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्र में करवाएं. कलेक्टर पन्ना द्वारा समाचार पत्र दैनिक भास्कर, सतना से प्रकाशित अंक दिनांक 5 फरवरी 2013 के पृष्ठ क्रमांक 09 पर कारण बताओ सूचना प्रकाशित करवाकर कारण बताओं सूचना पत्र की तामीली करवाई.

कारण बताओ सूचना पत्र में अभ्यर्थी से जवाब (लिखित अभ्यावेदन) इस कारण बताओ सूचना के प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर चाहा गया था. नोटिस में सभी वैधानिक स्थिति बताते हुए यह भी अंकित किया गया था कि 15 दिन के अंदर उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति में यह माना जाकर कि उन्हें इस संबंध में कुछ नहीं कहना है. उनके विरुद्ध एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा.

श्री अशोक कुमार अग्रवाल को नोटिस दिनांक 5 फरवरी 2013 को तामील कराया गया. अतः उनको दिनांक 20 फरवरी 2013 तक अभ्यावेदन प्रस्तुत करना था. तामीली पश्चात् की जानकारी चाहे जाने पर कलेक्टर पन्ना ने अपने पत्र दिनांक 25 जून 2013 में लेख किया कि "अभ्यर्थी अशोक कुमार अग्रवाल द्वारा कारण बताओ नोटिस का प्रकाशन स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित अंक दिनांक 5 फरवरी 2013 के बाद अपना निर्वाचन व्यय लेखा/अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किया है."

उपरोक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अभ्यर्थी द्वारा नियत समयावधि में निर्वाचन व्यय लेखा प्रस्तुत नहीं किया गया एवं पक्ष समर्थन में कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं. अतः आयोग का यह समाधान हो गया है कि उनके पास निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करने में असफल रहने का कोई पर्याप्त एवं न्यायोचित कारण नहीं है.

अतः, मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32-ग के उपबन्धों के अन्तर्गत **श्री अशोक कुमार अग्रवाल** को इस प्रकार चुने जाने के लिये तथा **नगर पंचायत, देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना** का पार्षद या अध्यक्ष होने के लिये इस आदेश की तारीख से 05 वर्ष (पांच वर्ष) की कालावधि के लिये निरर्हित (अयोग्य) घोषित किया जाता है.

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयुक्त के आदेशानुसार,
हस्ता./-
(जी. पी. श्रीवास्तव)
सचिव,
मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मंडी), पूर्व निमाड़ खण्डवा, मध्यप्रदेश

खण्डवा, दिनांक 9 सितम्बर 2013

क्र. 28-स्था.नि.शा.-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(5) के अन्तर्गत खण्डवा जिले की कृषि उपज मंडी समिति-74, खण्डवा, मंडी समिति 75 हरसूद एवं मण्डी समिति 76 पंधाना के लिये नामनिर्दिष्ट सदस्यों का नाम निम्नानुसार अधिसूचित किया जाता है :—

01 मंडी समिति-74 खण्डवा

क्र	नाम निर्दिष्ट सदस्य का नाम	विशेष
(1)	(2)	(3)
1	श्री शशि कपूर आत्मज श्री अमरनाथ कपूर अटूट खास, विधायक प्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र 175 मांधाता	मंडी अधिनियम की धारा -11 (घ)
2	श्री रामचन्द्र आत्मज श्री दशरथ मौर्य, खण्डवा विधायक प्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र 177 खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (घ)

(1)	(2)	(3)
3	श्री सुरेन्द्र सिंह आत्मज श्री शेरसिंह तंवर नावली विधायक प्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र 178 पंधाना.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (घ)
4	श्री कैलाशचंद सखाराम पाटीदार, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या, खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (ज)
5	श्री माणिकराव महिपतराव आव्हाड़, खण्डवा प्रतिनिधि तहसील सहकारी कृषि प्रक्रिया एवं विपणन संघ मर्या., खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (ड)
6	श्रीमती फूंदाबाई ताराचंद पटेल, निवासी सुलगांव प्रतिनिधि जिला पंचायत, खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (ञ)
7	उप संचालक, कृषि, खण्डवा	मंडी अधिनियम की धारा -11 (च)
02 मंडी समिति-75 हरसूद		
1	श्री रमाशंकर पिता श्री चेतराम, निवासी-सोनखेड़ी विधायक प्रतिनिधि, विधानसभा क्षेत्र 176 हरसूद.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (घ)
2	श्री रमेशचन्द्र पिता श्री तुलसीराम, निवासी भंवरली जिला सहकारी कृषि और ग्रामीण विकास बैंक प्रतिनिधि.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (झ)
3	श्रीमती संतोबाई रामप्रसाद कवड़े, निवासी दिदम्दा प्रतिनिधि जिला पंचायत खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (ञ)
4	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, हरसूद	मंडी अधिनियम की धारा -11 (च)
03 मंडी समिति-76 पंधाना		
1	श्री अनिल लक्ष्मण चौधरी निवासी बोरगांव बुजुर्ग प्रतिनिधि जिला पंचायत खण्डवा.	मंडी अधिनियम की धारा -11 (ञ)
2	वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, पंधाना	मंडी अधिनियम की धारा -11 (च)

नीरज दुबे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मंडी).

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला बुरहानपुर, मध्यप्रदेश

बुरहानपुर, दिनांक 10 सितम्बर 2013

क्र. क-नि.शा.-सा.लि.-2013-35.—क्र-मण्डी निर्वाचन-2013.—मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11 (5) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी) बुरहानपुर, कृषि उपज मण्डी समिति बुरहानपुर के लिये एतद् निम्नानुसार प्रतिनिधि नामनिर्दिष्ट करता हूँ :—

स. क्र.	निर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)
1	श्री गिरीश शाह पिता श्री नटवरलाल शाह, निवासी प्रतापपुरा बुरहानपुर.	श्रीमती अर्चना चिटनिस विधायक बुरहानपुर, निवासी बुरहानपुर.	11 (1) (घ)
2	श्री प्रदीप पिता श्री सोपानराव जाधव, निवासी माजरोदकला, जिला बुरहानपुर.	श्री राजेन्द्र दादू, विधायक नेपानगर, निवासी कानापुर.	11 (1) (घ)
3	श्री मोहन पिता पुण्डलिक पाटिल, न्यू इंदिरा कॉलोनी, बुरहानपुर.	जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मर्यादित, खण्डवा.	11 (1) (झ)
4	श्री अरूण पिता साहेबराव पाटिल, मु.पो. अम्बाडा, तहसील नेपानगर.	जिला पंचायत बुरहानपुर	11 (1) (ग)

आशुतोष अवस्थी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी.

कार्यालय, जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन), मण्डला, मध्यप्रदेश

मण्डला दिनांक 13 सितम्बर 2013

क्र.-मंडी निर्वा.-2013-179.—मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा -11(1) (घ) के अनुक्रम में मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी (लोकसभा तथा विधान सभा सदस्य की मंडी समिति में सदस्यता तथा प्रतिनिधि का नामनिर्देशन) नियम 2010 के अंतर्गत सहकारी विपणन सोसायटी की प्रबंध कारणी समिति, कृषि विभाग का एक अधिकारी जिला केन्द्रीय सहकारी, जिला भूमि विकास बैंक का एक-एक प्रतिनिधि तथा मंडी क्षेत्र की ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत का एक प्रतिनिधि को नामनिर्दिष्ट किया जाना है अत: मंडी अधिनियम, 1972 की धारा - 11 की उपधारा (5) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के तहत मैं, लोकेश कुमार जाटव, कलेक्टर, मण्डला, कृषि उपज मण्डी समिति मण्डला/ नैनपुर/ बिछिया के निम्नांकित प्रतिनिधियों को मण्डी समिति में सदस्यता हेतु नामनिर्दिष्ट करता हूँ :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	सदस्य का विवरण	नाम निर्दिष्ट सदस्य का नाम	पता
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	मण्डला	विधान सभा सदस्य का प्रतिनिधि	श्री कैलाश कुमार रावत	पडाव वार्ड, मण्डला
		सहकारी विपणन समिति का प्रतिनिधि	श्री हरि प्रसाद साहू	पडाव वार्ड, मण्डला
		कृषि विभाग का प्रतिनिधि	श्री के. एस. नेताम	उप संचालक, कृषि, मण्डला
		जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का प्रतिनिधि	श्री संतोष कुमार रजक	ग्राम व तह. निवास, जिला मण्डला
		जिला भूमि विकास बैंक का प्रतिनिधि	श्री मदन चौरसिया	कटरा रोड मण्डला
		जिला पंचायत का प्रतिनिधि	श्री जोरावर सिंह	महाराजपुर, पौंडी, जिला मण्डला
		लोक सभा सदस्य का प्रतिनिधि	श्री मांगन सोनी	ग्राम व पोस्ट नारायणगंज, मण्डला
2	बिछिया	कृषि विभाग का प्रतिनिधि	श्री के. सी. कोकडिया	वरि.कृषि वि. अधि. बिछिया
		सहकारी विपणन समिति का प्रतिनिधि	श्री महेश विश्वकर्मा	सहकारी विपणन समिति, मण्डला
		विधान सभा सदस्य का प्रतिनिधि	श्री तुलाराम साहू	ग्राम भुआ बिछिया, तह. बिछिया
		जिला भूमि विकास बैंक का प्रतिनिधि	श्री तिहार सिंह	ग्राम मुरता पो. मवई, तह. बिछिया
		जिला पंचायत का प्रतिनिधि	श्री जागेश्वर राजपूत	ग्राम नेवसा बहेरा, तह. बिछिया
		जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का प्रतिनिधि	श्री संतोष रजक	ग्राम निवास, तह. निवास
3	नैनपुर	सहकारी विपणन समिति का प्रतिनिधि	श्री मदन गोपाल मरकाम	ग्राम व पो. सालीवाडा, तह. नैनपुर
		कृषि विभाग का प्रतिनिधि	श्री आर. डी . जाटव	वरि.कृषि विस्तार अधिकारी, नैनपुर
		जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का प्रतिनिधि	श्रीमती संपतिया उइके	ग्राम व पो. टाटरी, तह. नैनपुर
		जिला भूमि विकास बैंक का प्रतिनिधि	श्री जुगल किशोर श्रीधर	ग्राम व पो. पाठासिहोरा, तह. नैनपुर
		विधान सभा सदस्य का प्रतिनिधि	श्रीमती सुनीता मरावी	वार्ड क्र. 14 ग्राम व पोस्ट नैनपुर
		जिला पंचायत का प्रतिनिधि	श्री लालजू मर्सकोले	जनपद सदस्य नैनपुर ग्राम भालीवाडा, मण्डला.

लोकेश कुमार जाटव, कलेक्टर.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी निर्वाचन), जिला रतलाम, मध्यप्रदेश

रतलाम दिनांक 16 सितम्बर 2013

संशोधित अधिसूचना

क्र.-820-मंडी निर्वा.-2013—कृषि उपज मण्डी समिति के सदस्यों का नामनिर्देशन राजपत्र में अधिसूचित किये जाने हेतु मध्यप्रदेश कृषि उपज मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(5) के तहत मण्डी अधिनियम की धारा - 11(घ) एक के अन्तर्गत लोक सभा सदस्य प्रतिनिधि का नामनिर्देश, के प्रस्तुत प्राप्त नहीं होने से कार्यालयीन आदेश क्र. 804- मण्डी निर्वाचन - 2013 द्वारा सुश्री मिनाक्षी नटराजन सांसद सदस्य का नामनिर्दिष्ट किया गया था.

उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए मण्डी अधिनियम, 1972 की धारा 11(5) में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राजीव दुबे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी) कृषि उपज मण्डी समिति 103- जावरा के लिए निम्नानुसार प्रतिनिधि का नामनिर्दिष्ट करता हूं :—

क्र.	मण्डी समिति का नाम	नामनिर्दिष्ट प्रतिनिधि का नाम व पता	प्रतिनिधि	मण्डी अधिनियम की धारा
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	103-जावरा	श्री सुजानमलजी कोचट्टा, जावरा	सासंद, लोकसभा सदस्य	धारा-11 (घ)- एक

राजीव दुबे, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (मण्डी).

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला बड़वानी, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश

बड़वानी दिनांक 16 सितम्बर 2013

क्र.-10129-प्रोटोकाल.-2013—पुलिस अधीक्षक, बड़वानी के ज्ञापन क्र-पुअ-बड-एसी-1-2263-2013 बड़वानी, दिनांक 16 सितम्बर 2013 के अनुसार जिला बड़वानी के थाना राजपुर में नवीन पुलिस चौकी भागसुर में स्थापित करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग भोपाल के ज्ञापन क्र. एफ 2 (क) 19-2012-बी-3-दो, भोपाल, दिनांक 08- अगस्त-2013 के द्वारा पदों की स्वीकृति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप राज्य शासन के ज्ञाप क्र. एफ-2 (क)15-99-बी-3-दो, भोपाल, दिनांक 11 अक्टूबर-2004 में किये गये प्रावधानुसार जिले के भीतर थानों/ चौकियों की सीमाओं का अधिकार/परिसीमन निर्धारण करने के अधिकार प्रत्यायोजित किये गये हैं.

अत: ,मैं, श्रीमन् शुक्ला, जिला दण्डाधिकारी, बड़वानी दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973-1974 का सं. 2 की धारा 2 के खण्ड एस द्वारा प्रदत्त शक्तियों को अमल में लाते हुए निम्नाकित अनुसूची में वर्णित बड़वानी जिलान्तर्गत नवीन पुलिस चौकी भागसुर के गठन संबंधी प्रस्ताव की अधिसूचना जारी करता हूं :—

क्र.	ग्रामों का नाम	वर्तमान थाने का नाम	जनसंख्या	प्रस्तावित चौकी से दूरी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	भागसुर	राजपुर	1751	00 कि. मी.
2	कासेल	राजपुर	1776	04 कि. मी.
3	साली	राजपुर	1789	10 कि.मी.
4	भामी	राजपुर	1772	09 कि.मी.
5	राईपुरा (रानीपुरा)	राजपुर	823	09 कि.मी.
6	मोरानी	राजपुर	2606	05 कि.मी.
7	बुदरा	राजपुर	653	03 कि.मी.
8	सिनगुन	राजपुर	1633	05 कि.मी.
9	लाछी	राजपुर	698	06 कि.मी.

पुलिस अधीक्षक, बड़वानी के ज्ञापन क्र-पुअ-बड़-एसी-1-4201-2012 बड़वानी, दिनांक 19 दिसम्बर 2013 के अनुसार जिला बड़वानी के थाना नागलवाड़ी में नवीन पुलिस चौकी बालसमुद में स्थापित करने हेतु मध्यप्रदेश शासन, गृह (पुलिस) विभाग, भोपाल के ज्ञापन क्र. 4491-703-2012-बी-1-दो, भोपाल, दिनांक 22 सितम्बर, 2012 के द्वारा पदों की स्वीकृति प्रदान किये जाने के फलस्वरूप राज्य शासन के ज्ञाप क्र. एफ-2 (क)15-99-बी-3-दो भोपाल, दिनांक 11 अक्टूबर-2004 में किये गये प्रावधानुसार जिले के भीतर थानों/चौकियों की सीमाओं का अधिकार/ परिसीमन निर्धारण करने के अधिकार प्रत्यायोजित किये गये हैं.

अत:, मैं, श्रीमन् शुक्ला, जिला दण्डाधिकारी, बड़वानी दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973-1974 का सं. 2 की धारा 2 के खण्ड एस द्वारा प्रदत्त शक्तियों को अमल में लाते हुए निम्नांकित अनुसूची में वर्णित बड़वानी जिलान्तर्गत नवीन पुलिस चौकी बालसमुद के गठन संबंधी प्रस्ताव की अधिसूचना जारी करता हूं :—

क्र.	ग्रामों का नाम	वर्तमान थाने का नाम	जनसंख्या	प्रस्तावित चौकी से दूरी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	बालसमुद	नागलवाड़ी	1503	00 कि. मी.
2	मंडवाड़ी	नागलवाड़ी	758	06 कि. मी.

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
3	टेमला	नागलवाड़ी	871	05 कि. मी.
4	मातमुर	नागलवाड़ी	701	04 कि. मी.
5	पानवा	नागलवाड़ी	1436	05 कि. मी.
6	नांदेड़	नागलवाड़ी	999	08 कि. मी.
7	सालीकला	नागलवाड़ी	1517	05 कि. मी.
8	बघाड़	नागलवाड़ी	1709	09 कि. मी.
9	सालीटांड़ा	नागलवाड़ी	435	09 कि. मी.

पुलिस अधीक्षक, बड़वानी के ज्ञापन क्र-पुअ-बड़-एसी-1-2194-2013 बड़वानी, दिनांक 13 सितम्बर 2013 के अनुसार जिला बड़वानी के थाना पाटी में नवीन पुलिस चौकी बोकराटा की स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन, गृह विभाग, भोपाल के ज्ञाप क्र. एफ-2 (क)40-2010-बी-3-दो भोपाल दिनांक 4 जून 2012 द्वारा प्राप्त हुई है. एवं शासन के ज्ञाप क्र. एफ-2(क)15-99-बी-3-दो, भोपाल, दिनांक 11 अक्टूबर 2004 के प्रावधानुसार जिले के भीतर थानों/चौकियों की सीमाओं का अधिकार/परिसीमन निर्धारण करने के अधिकार प्रत्यायोजित किये गये हैं.

अतः, मैं, श्रीमन् शुक्ला, जिला दण्डाधिकारी, बड़वानी दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973-1974 का सं. 2 की धारा 2 के खण्ड एस द्वारा प्रदत्त शक्तियों को अमल में लाते हुए निम्नांकित अनुसूची में वर्णित बड़वानी जिलान्तर्गत नवीन पुलिस चौकी बोकराटा के गठन संबंधी प्रस्ताव की अधिसूचना जारी करता हूं :—

स. क्र.	ग्रामों का नाम	वर्तमान थाने का नाम	जनसंख्या	प्रस्तावित चौकी से दूरी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	बोकराटा	पाटी	3061	00 कि. मी.
2	कालाखेत	पाटी	1451	09 कि. मी.
3	टापर	पाटी	619	05 कि. मी.
4	मतरकुण्ड	पाटी	598	05 कि. मी.
5	चौकी	पाटी	1876	06 कि. मी.
6	पिपरकुण्ड	पाटी	1709	08 कि. मी.
7	उबादगढ़	पाटी	2975	10 कि. मी.
8	गोलपाटीवाड़ी	पाटी	1679	12 कि. मी.
9	गारा	पाटी	618	14 कि. मी.
10	रोसमाल	पाटी	617	15 कि. मी.
11	कुम्भखेत	पाटी	1612	12 कि. मी.
12	बोरकुण्ड	पाटी	853	17 कि. मी.
13	भैसारी	पाटी	636	15 कि. मी.
14.	वन	पाटी	1292	10 कि. मी.
15	झरार	पाटी	660	05 कि. मी.
16	देवगढ़	पाटी	1540	07 कि. मी.
17	चिचवानिया	पाटी	788	08 कि. मी.
18	मोरानी	पाटी	596	11 कि. मी.
19	रामगढ़	पाटी	307	15 कि. मी.
20	शिवनी भूरवानी	पाटी	1486	09 कि. मी.
21	सिंधवानी	पाटी	305	10 कि. मी.
22	आमली	पाटी	535	05 कि. मी.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

श्रीमन् शुक्ला, उपसचिव.

कार्यालय, जिला दण्डाधिकारी, जिला गुना, मध्यप्रदेश

गुना, दिनांक 16 सितम्बर 2013

क्र. एस. डब्ल्यू-नौ-20185-2013.—जिला गुना के थाना चांचौडा अन्तर्गत नवीन पुलिस चौकी राज्य शासन द्वारा स्वीकृत किये जाने से निम्नलिखित ग्राम नवीन पुलिस चौकी के हिस्से में एतद्द्वारा सम्मिलित किये जाते हैं :—

क्र.	पुलिस थाने का नाम (तहसील व जिला) जिसे अपवर्जित किया गया.	ग्राम के नाम/शहर का सम्मिलित हिस्सा	नवीन पुलिस चौकी का नाम जिसमें सम्मिलित किया गया
(1)	(2)	(3)	(4)
1	नवीन पुलिस चौकी बीनागंज, थाना चांचौडा, तहसील चांचौडा, जिला गुना.	**ग्राम/मोहल्ले का नाम** बीनागंज, जयसिंहपुरा, खातौली, टोडी, सागर, साबलपुरा, पैंची, कोटरा, हरिपुरा, परेवा, सुन्दरपुरा, अरन्या, गादेर, किशोरा, गेंहूखेड़ी, चकलहरचा, मालौनी, आशाखेड़ी, पीपलया वागड़ी, बमौरी, लखनवास,रतोधना, चौपनकला, ककरउआ, पाटोंदी, चौपनाखुर्द, घाटाखेड़ी, अमरपुरा, बड़हपुरा, कोलुआ, शीलाखेड़ी, नवलपुरा, चीतोड़ा, देवापुरा, रमेती, वापचा हलरिया, रामसिहंकापुरा, नयादरी, नलखेड़ा, बरखेड़ा, कालापहाड़, जामोरिया, सोका, रानीखेजड़ा, हरदौलखेड़ी, सैजनया, मेसरौली, रायपुरया, वापचा विक्रम, हिगौनी, भूराखेड़ी, वीवाखेड़ी, बड़खुआ, देहरी, कोन्याकला, चौपनी, कोदयपुरा, बाबाखेजड़ा, लहरचा, कीताखेड़ी, पुरानीगंज, भानपुरा बाबा, भानपुरा मीना, भानपुरा कंजर,लाछौनी, भेंसुआ डवरया, मेरियाखेड़ी मीना, नारायणपुरा, जटेरी, डोकरयाखेड़ी, बरोदिया, कनकानेहरू, ऊदाखेड़ी, पाखरियापुरा, बोरक्ष, चकहरिया, रामपुरा, पीपलिया, (कोटरा) रामटेरी, लाखौरी, अजगरी, जोगीपुरा, बरखेड़ी माफी, अजगरा.	नवीन पुलिस चौकी बीनागंज, थाना चांचौड़ा, तहसील चांचौडा, जिला गुना.

नव सृजित नवीन पुलिस चौकी बीनागंज के उपरोक्तानुसार कालम नं. (3) में वर्णित कुल 84 ग्राम नवीन पुलिस चौकी बीनागंज में एतद्द्वारा सम्मिलित किये गये हैं तथा उक्त सूची पुलिस विनियम के भाग क के विनियम 575 में प्रावधानित अनुसार पुलिस अधीक्षक, गुना के कार्यालय में रखी गई है.

उक्त नव सृजित नवीन पुलिस चौकी बीनागंज के अस्तित्व में आने से थाना चांचोड़ा के संचालन एवं संपादन एवं कार्य तथा प्रक्रिया हेतु समय-समय पर शासन एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशों/निर्देशों, परिपत्रों एवं नियमों का विधिक प्रावधानों के अन्तर्गत विहित उद्धेश्यों हेतु कार्य प्रारम्भ करने हेतु एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है.

संदीप यादव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

कार्यालय, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला खरगोन, मध्यप्रदेश

खरगोन, दिनांक 18 सितम्बर 2013

क्र. सां-ले.-2013-10268.—दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (क्रमांक 2, सन् 1974) की धारा 2 के खण्ड (घ) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट स्थानीय क्षेत्रों को प्रस्तावित करने वाली पूर्व की अधिसूचना में आंशिक अपांतरण करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, ''मध्यप्रदेश राजपत्र'' में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से :—

1. कालम नं. (3) में वर्णित स्थानीय क्षेत्रों को उस थाने से जो कि नीचे दी गई सारणी के कॉलम (2) में विनिर्दिष्ट किये गये हैं से अपवर्जित करती, और

2. नवीन पुलिस चौकी सिरवेल, थाना क्षेत्र भगवानपुरा जो कि जिला खरगोन की तहसील भगवानपुरा में है को पुलिस चौकी घोषित करती है और यह निर्देश देती है कि इसमें उक्त सारणी के कॉलम नं. (3) विनिर्दिष्ट किये गये हैं, स्थानीय क्षेत्र सम्मिलित होंगे :—

सारणी

स. क्र.	उस पुलिस थाने का नाम तहसील जिला सहित जिसमें से अपवर्जित किया गया है	स्थानीय क्षेत्रों के नाम
(1)	(2)	(3)
1.	पुलिस थाना भगवानपुरा, तहसील भगवानपुरा, जिला खरगोन.	1. सिरवेल (महुडियारीफाल्या, तितरबांगली देवासमाल, शुक्ला, बुडिया, कलश, भाभर फल्या, पटेल फल्या). 2. नांदिया 3. कुम्भी, पटेल फल्या 4. कुम्हारबेडी (बुड़की फल्या, भाभरीया फल्या) 5. मालखेड़ा 6. गोन्टिया, (चिरमुंडी फल्या, बालपानी नवाड़) 7. पलासकुट (रायटेमरीफल्या, मुवासमाल) 8. खापरजामली (मुसाफिरी, जामन्यापानी नवाड फल्या). 9. रूपगढ़, दौलतपुरा फल्या, खुखरी अम्बा 10. हाथिवुड़िया, झापडीमली, मेन्द्रानिया फल्या, करणडाबरा. 11. सातपाटी, ढोलगानवाड़ा, तोरणी अम्बा 12. उमरिया, काछलाफल्या, चिसपाटी, गुलरीयापानी 13. अम्बा, हवलदारीया फल्या, नवाड फल्या.
2	पुलिस थाना चैनपुर, तहसील झिरन्या जिला खरगोन.	14. रायसागर, (लावरिया फल्या, बडवा फल्या, अम्बा फल्या, गवली फल्या). 15. धूपा, साततली फल्या, हरणकुण्डिया फल्या 16. टांडावाड़ी, रायलबेडा (कोठबेडा) बाबलगढ़ 17. पीडीजामली 18. सेन्द्रीया घाटी 19. माझल.

No. 10268-S.W.-2013.—In exercise of the powers conferred by clause (s) of Section 2 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (No. 2 of 1974) and in partial modification of the previous notification affecting the local areas specified in the Table below, The State Government, hereby, with effect from the date of publication of this notification in the "Madhya Pradesh, Gazette" :—

(i) Exclude Local Area from the Police Station mentioned in column (2) of the Table below, the local areas specified in the column (3) thereof, and

(ii) Declares New Police Chouki Sirvel, Police Station Bhagawanpura in Tehsil of Bhagawanpura District Khargone and further directs that it shall include the local areas specified in column (3) of the said Table:—

TABLE

S.No.	Name of Police Station (with Tahsil and Distt.) from which excluded	Local Areas Name of Village
(1)	(2)	(3)
1.	Thana Bhagwanpura, Tehsil Bhagawanpura District Khargone.	1. Sirvel (Mahudiyarifalya, Titarbangli, Dewasmal, Shukla, Budiya, Kalash, Bhabhar Falya, Patel Falya). 2. Nandiya 3. Kumbhi, Patel Falya 4. Kumharbedi (Budki Falya, Bhabhariya Falya. 5. Malkheda 6. Gontiya (Chirmundi Falya, Balpani Nawad) 7. Palaskut (Raitemri Falya, Muwasmal) 8. Khaparjamli (Musafiri, Jamnyapani, Nawad Falya). 9. Rupgadh, Daulatpura Falya, Khukhari amba 10. Hathibudiya, Zapadimali, Mendraniya Falya, Karandabra. 11. Saatpati, Dholaganawada, Torani Amba 12. Umariya, Kachhalafalya, Chispati, Gulriyapani. 13. Amba, Hawaldariya Falya, Nawad Falya.
2.	Thana Chainpur, Tehsil Zirniya, District Khargone.	14. Raisagar, (Lawariya Falya, Badwa Falya, Amba Falya, Gawali Falya. 15. Dhupa, Saat Tali Falya, Harankundiya Falya 16. Tandawadi, Rayalbeda (Khothbeda), Babalgadh. 17. Pidijamli 18. Sendriya Ghati 19. Mazal.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

नवनीत मोहन कोठारी, कलेक्टर/उपसचिव.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रीवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

रीवा, दिनांक 4 सितम्बर 2013

क्र. 235-भू-अर्जन-2013.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	हुजूर	द्वारिका नगर (उर्रहट)	0.0032	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा.	द्वारिका नगर के पास (रीवा शहर) झिरिया नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग हेतु.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है—द्वारिका नगर के पास (रीवा शहर) झिरिया नाला पर पुल एवं पहुंच मार्ग हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी, हुजूर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

क्र. 236-भू-अर्जन-2013.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में अर्जित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन इसके द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हे. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रीवा	सेमरिया	बधरा	0.660	कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रीवा.	बीरखाम बधरा मार्ग के कि.मी. 3/10 में टमस नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है—बीरखाम बधरा मार्ग के कि.मी. 3/10 में टमस नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) कलेक्टर एवं भू-अर्जन अधिकारी, हुजूर के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एन. रूपला, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 8 सितम्बर 2013

क्र. 815-क-भू.अ.वि.अ.-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने

की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता हैं:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्ट. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	दमोह	घाट पिपरिया	0.93	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग दमोह.	स्टामडेम निर्माण हेतु भूमि अर्जन बाबत्.
		योग . .	0.93		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

क्र. 817-क-भू.अ.वि.अ.-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इसमें संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा, इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुका	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्ट. में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	दमोह	रियाना	6.029	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग दमोह.	रियाना जलाशय के बांध एवं नहर निर्माण हेतु भूमि अर्जन बाबत्.
		योग . .	6.029		

(2) भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दमोह कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्वतंत्र कुमार सिंह, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला खण्डवा, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

खण्डवा, दिनांक 9 सितम्बर 2013

नस्ती क्रमांक 156-2012-एल. ए.-भू-अर्जन प्र. क्र.-1-अ-82-11-12.-**शुद्धि-पत्र.**—जल संसाधन विभाग के अर्दला तालाब सिंचाई योजना के शीर्ष कार्य हेतु ग्राम जामली राजगढ़, तहसील पंधाना, जिला खण्डवा के भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक-1-अ-82-11-12 में भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा-4 की अधिसूचना का प्रकाशन म. प्र. राजपत्र भाग—1 में दिनांक 18 जनवरी 2013 को, समाचार-पत्र पत्रिका में दिनांक 12 जनवरी 2013 को, अक्षर विश्व में दिनांक 12 जनवरी 2013 को हुआ.

उक्त अधिसूचना में निम्नानुसार संशोधन पढ़ा जावें :—

प्रकाशन जिसमें हुआ	पूर्व प्रकाशित प्रविष्टि	सही संशोधित प्रविष्टि
म. प्र. राजपत्र भाग-1 में दिनांक 18-1-13	6.33 हे.	5.61 हे.
पत्रिका में दिनांक 12-1-13	6.33 हे.	5.61 हे.
अक्षर विश्व में दिनांक 12-1-13	6.33 हे.	5.61 हे.

उक्त प्रकाशन अधिसूचना में कुल अर्जनीय रकबा 6.33 हे. के स्थान पर कुल रकबा 5.61 हे. होगा.

नस्ती क्रमांक 156-2012-एल. ए.-भू-अर्जन प्र. क्र.-2-अ-82-11-12.-**शुद्धि-पत्र**.—जल संसाधन के अर्दला तालाब सिंचाई योजना के अन्तर्गत शीर्ष कार्य हेतु ग्राम जामली राजगढ़, तहसील पंधाना, जिला खण्डवा के भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक-2-अ-82-11-12 में भू-अर्जन अधिनियम, 1894 की धारा-6 की उद्घोषणा का प्रकाशन म. प्र. राजपत्र भाग—1 में दिनांक 12 अप्रैल 2013 को, समाचार-पत्र स्वदेश में दिनांक 18 अप्रैल 2013 को, राज एक्सप्रेस में दिनांक 18 अप्रैल 2013 को हुआ.

उक्त उद्घोषणा में निम्नानुसार संशोधन पढ़ा जावे:—

प्रकाशन जिसमें हुआ	पूर्व प्रकाशित प्रविष्टि		सही संशोधित प्रविष्टि	
	खसरा नम्बर	रकबा (हे.में.)	खसरा नम्बर	रकबा (हे.में.)
राजपत्र भाग-1 में दिनांक 12-04-13	248	3.96	248	0.96
स्वदेश में दिनांक 18-04-13	248	3.96	248	0.96
राज एक्सप्रेस में दिनांक 18-04-13	248	3.96	248	0.96

उक्त प्रकाशन उद्घोषणा में कुल अर्जनीय रकबा 5.61 हे. यथावत् होगा.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
नीरज दुबे, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय कलेक्टर, जिला दतिया, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दतिया, दिनांक 10 सितम्बर 2013

प्र. क्र. 01-अ-82-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन द्वारा अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील/ तालुक	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दतिया	इंदरगढ़	विनौरी	0.60	कार्यपालन यंत्री, राजघाट डिस्ट्रीब्यूटरी संभाग क्र. 9, दतिया (म. प्र.).	श्याम पहाड़ी लघु सिंचाई योजना के नहर निर्माण हेतु.

नोट.—भूमि का नक्शा (प्लान) कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, सेंवढ़ा में देखा जा सकता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संकेत भोडवे, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला छतरपुर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

छतरपुर, दिनांक 12 सितम्बर 2013

प्र. क्र. 23-अ-82-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में) निजी भूमि		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छतरपुर	लवकुशनगर (लौड़ी)	रेखा	1.16	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लवकुशनगर (लौड़ी).	सिंहपुर बैराज परियोजना की मुख्य नहर की रेखा डिस्ट्रीब्यूटरी.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है—सिंहपुर बैराज परियोजना की नहर के निर्माण हेतु भूमि का अर्जन.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, तहसील कार्यालय लवकुशनगर में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 24-अ-82-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है:—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में) निजी भूमि		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
छतरपुर	लवकुशनगर (लौड़ी)	बगमऊ	1.12	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लवकुशनगर (लौड़ी).	सिंहपुर बैराज परियोजना के अंतर्गत मुख्य नहर की देवीखेड़ा डिस्ट्रीब्यूटरी.

(2) सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है—सिंहपुर बैराज परियोजना की नहर के निर्माण हेतु भूमि का अर्जन.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, तहसील कार्यालय लवकुशनगर में किया जा सकता है.

प्र. क्र. 25-अ-82-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यक है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा सभी

